हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

12 स्वदेशी मेल में बच्चों व युवाओं ने जमाया रंग



12 श्रीरामलीला कमेटी कटला चुनाव सम्पन्न, विनोद गुप्ता बने प्रधान



## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम व थाना अग्रोहा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी ढंढूर निवासी सन्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी शुदा दो मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना अग्रोहा में गांव कालीरावण निवासी सुकेंद्र ने 12 अक्टूबर को उसकी मोटरसाइकिल अग्रोहा मोड़ से चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इसी मामले में जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से दो मोटरसाइकिल बरामद की है, जो आरोपी ने अग्रोहा मोड़ और नरवाना से चोरी की थी।

### स्वदेशी मेले में उमड़ रही भीड़

**हिसार।** पुराने राजकीय कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले में प्रदर्शित स्वदेशी उत्पादों को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बनता है। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ तथा पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने भी स्वदेशी मेले में शिरकत की और मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, मंदीप मलिक, पार्टी कार्यकर्ता, स्वदेशी उत्पादों के निर्माता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### जनसेवार्थ ट्रस्ट ने लगाया चेकअप कैंप

**बरवाला।** जनसेवार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में हीरा कॉलोनी चौपाल वार्ड नंबर 7 बरवाला में स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जनरल फिजिशियन डॉ. संदीप वर्मा और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. एकता तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मनदीप सिंह की उपस्थिति में लोगों के फ्री हैल्थ चेकअप के साथ साथ कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन, पीटी और थायराइड सहित पांच आवश्यक ब्लड टेस्ट किए गए। शिविर में लगभग 140 नागरिकों ने हेल्थ चेकअप व रक्त जांच की सुविधा का लाभ उठाया।

### मूल्यांकन पर आधारित सेमिनार 16 दिसंबर को

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 16 दिसंबर को कंपनी अधिनियम के तहत मूल्यांकन पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह सेमिनार हिसार के सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित होगा। सेमिनार का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सेमिनार में कंपनी अधिनियम के तहत मूल्यांकन को स्पष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही कर कानून एवं अन्य अधिनियम और आईबीसी के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### डेवलपमेंट कमेटी पटेल नगर की बैठक सम्पन्न

**हिसार।** पंचायती धर्मशाला डेवलपमेंट कमेटी पटेल नगर की एक बैठक कमेटी के प्रधान तारा चंद अनेजा की अध्यक्षता में धर्मशाला में हुई। इसमें नवनियुक्त सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रशासक-कम-तहसीलदार द्वारा उक्त सोसायटी के पदाधिकारियों के निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाए जाने की सराहना की। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान तारा चंद अनेजा, महासचिव भारत भूषण, कोषाध्यक्ष चन्द्र भान गांधी, महेश नारंग, हंस राज गेरा, अश्विनी चुघ, राजकुमार मदान उपस्थित रहे।

### धुंध में हुए हादसे, वाहन टकराए, एक युवक की मौत

# सुबह-सुबह वाहनों से टकराई रोडवेज बसें, यात्री सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बदलते मौसम के साथ ही रविवार सुबह जिले में घने कोहरे का प्रकोप देखा गया। कोहरे के कारण न केवल दृश्यता कम रही बल्कि कई वाहन भी टकरा गए। हिसार में रोडवेज की दो बसें दूसरे वाहनों से टकरा गई लेकिन गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और यात्रियों को मामूली चोटें आई। धुंध के कारण हुए हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर धिकताना मोड पर हरियाणा रोडवेज की दो बसें दूसरे वाहनों से टकरा गई। कैथल रोडवेज डिपो की सवारियों से भरी बस डंपर से टकरा गई। पीछे आ रही एक बस की ऑल्टो कार से टक्कर हो गई। एक बाइक सवार युवक भी चपेट में आ गया। इस दौरान कुल पांच वाहन आपस में टकराए गए। इस हादसे में 100 से ज्यादा लोगों की जान बच गई। बाइक सवार खेड़ी बर्की निवासी घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बाइक सवार को वाहन ने कुचला घने कोहरे के कारण सिरसा हाईवे पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान हिसार की ढाणी श्यामलाल निवासी मनदीप के रूप में हुई है जबकि घायल युवक का नाम सुनील बताया गया है, जिसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि युवक मनदीप भैंस फॉर्म में कौशल रोजगार योजना के तहत दूध निकालने का कार्य करता था। रोज की तरह रविवार सुबह करीब 6:30 बजे वह दूध निकालने के बाद अपने साथी सुनील के साथ बाइक पर घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान घने कोहरे के कारण रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी।





हिसार। हादसे के दौरान वाहन व मौके पर उपस्थित लोग व युवक की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन।

#### नागरिक अस्पताल पहुंचाया शव

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के दौरान मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन राजकुमार ने बताया कि अमनदीप पिछले 4-5 वर्षों से भैंस फॉर्म में काम कर रहा था और परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। दो बच्चों का पिता था मनदीप परिजनों ने बताया कि मनदीप शादीशुदा था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज करके अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

#### आज भी छाएगी धुंध

*मौसम वैज्ञानिकों ने अभी प्रदेश में धुंध छाए रहने व परिवर्तनशील मौसम रहने की संभावना जताई है। एचएयू के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि राज्य में मौसम आमतौर पर 20 दिसंबर तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील संभावित है। इस दौरान 15 दिसंबर को आंशिक बादल व सुबह के समय मध्यम से गहरी धुंध रहने की संभावना है परंतु 16 व 17 दिसंबर को उत्तर व उत्तरपश्चिमी शीत हवाएं हल्की से मध्यम गति से चलने से रात्रि तापमान में गिरावट परंतु दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी की संभावना है। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर से एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 18 दिसंबर से 20 दिसंबर के दौरान बीच बीच में आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है जिससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभावित है। इस दौरान वातावरण में नमी बढ़ने से कहीं कहीं अलसुबह हल्की से मध्यम धुंध भी रहने की संभावना है।*



हांसी। घर में आग लगने के बाद जला पड़ा सामान। फोटो: हरिभूमि

### बेटी की शादी के लिए खरीदा था सामान

# रामपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी बंद मकान में आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव रामपुरा में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक बंद घर में अचानक आग लग गई। घर में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जिस समय घर में आग लगी उस वक्त घर पर कोई मौजूद नहीं था और परिवार के सभी सदस्य किसी तीर्थ स्थल पर दर्शनों के लिए बाहर गए हुए थे।

घर के आसपास रहने वाले लोगों को घर में आग लगने की भनक उस वक्त लगी, जब घर की खिड़की पर लगा शीशा अंदर लगी आग की गर्मी की वजह से टूटकर बाहर गिर पड़ा और खिड़की से आग की लपटें बाहर निकलती दिखाई दी। इसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते डायल 112 पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। बेटी की शादी के लिए एकत्रित कर रहे थे सामान गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र ने बताया कि यह मकान दयानंद यादव का है, जो अपने परिवार सहित तीर्थ दर्शन के लिए गया हुआ था। पीछे से यह आगजनी की घटना हो गई। उन्होंने बताया कि दयाचंद की बेटी की फरवरी माह में शादी तय थी, जिसके लिए घर में शादी का सामान एकत्रित किया जा रहा था, और बेटी की शादी के लिए खरीदे गए कपड़े, फर्नीचर, नकदी और गहने समेत अन्य जरूरी सामान आग की भेंट चढ़ गया।

#### लाखों का हुआ नुकसान

*परिवार के सदस्य बाहर होने की वजह से घर में लगी आग से नुकसान का अभी तक आकलन नहीं किया जा सका है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आगजनी में परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं पीड़ित परिवार के सामने अब शादी की तैयारियों को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दयाचंद के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की गुहार लगाई है।*

# हॉट स्पॉट डोमिनेशनः चार आरोपी काबू, छह हथियार व कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले भर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब, नशीले पदार्थों, जुआ, अवैध हथियार, हिंसक अपराधों तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान जिले में अपराध की दृष्टि से संवेदनशील कुल 284 हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए, जहां पर पुलिस टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर कांबिंग, चेकिंग एवं गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने त्वरित व सख्त कार्रवाई करते हुए 8 अभियोग अंकित कर 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त जिले में सक्रिय 6 हिंसक अपराधियों को भी काबू कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई। **आर्म्स एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई**

हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध हथियार रखने व प्रयोग करने वालों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई की गई। एक सप्ताह के दौरान आर्म्स एक्ट के तहत 4 केस दर्ज करके 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 6 अवैध हथियार तथा 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

**नशीले पदार्थों एवं अवैध शराब के खिलाफ अभियान**

पुलिस ने नशा तस्करों व अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करते हुए 52.95 ग्राम हेरोइन, 56 ग्राम अफीम तथा 41 बोतल अवैध शराब बरामद की। पुलिस द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर उनके नेटवर्क को तोड़ने के प्रयास भी लगातार जारी हैं।

#### भगोड़े आरोपी के विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी

अभियान के दौरान एक मामले में आरोपी के फरार पाए जाने पर उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लुक आउट नोटिस जारी करवाया गया, ताकि आरोपी कानून से बच न सके और उसे शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा सके।

**दुर्गा शक्ति पुलिस टीम की विशेष निगरानी:** महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दुर्गा शक्ति पुलिस टीम द्वारा विशेष निगरानी अभियान चलाया गया। इस दौरान 51 महिला अपराध हॉट स्पॉट तथा 35 हॉट रूट चिन्हित किए गए।

**पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई :** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों में भय तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए पुलिस निरंतर प्रभावी व योजनाबद्ध कार्रवाई कर रही है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। लोगों से कहा कि संदिग्ध गतिविधि, अपराध या असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### मॉडल टाउन वासियों ने लिखा गंदे पानी के समाधान के लिए पत्र

**हिसार।** शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में पिछले करीब 6 साल से पेयजल में सीवरेज का गंदा पानी मिक्स आ रहा है। इससे क्षेत्र के लोग लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए मॉडल टाउन रोज गार्डन वेलफेयर सोसायटी ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता को समस्याओं के समाधान के लिए एक पत्र भेजा। पत्र में सोयायटी के सदस्यों ने लिखा है कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से पेयजल में गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीवरेज मिक्स पानी पीने से लोग बीमार पडने लगे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों से बार-बार शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान तो दूर पेयजल लाइन को कोई देखने तक नहीं आया। सीवरेज का मिक्स पानी पीने से लोगों की सेहत खराब होने लगी है। सोसायटी के सदस्यों ने बताया कि जब से मॉडल टाउन में पेयजल लाइन बिछाई है तब से उसको संभाला तक नहीं है। विभाग से मांग है कि पुरानी और जर्जर हो चुकी पेयजल लाइन को बदलवाया जाए ताकि लोगों को स्वच्छ जल मिल सके।

# युवक सुबह से पी रहा था शराब मजार के पास से शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हिसार रोड़ स्थित पीर बाबा की मजार में समीप रविवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। युवक की उम्र करीब 30 से 32 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। शव देख राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि उक्त युवक सुबह से ही उसी स्थान पर बैठकर शराब पी रहा था। सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी सुखजीत सिंह ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

जांच अधिकारी एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि घटनास्थल से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत शराब की अधिक मात्रा सेवन करने के कारण हुई हो सकती है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है, लेकिन उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। कुछ दिन पूर्व इसी स्थान के नजदीक मय्यड़ गांव निवासी एक युवक का शव भी नशे की ओवरडोज के कारण बरामद हुआ था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।



हांसी। हिसार रोड पर मिले शव की जांच करने पहुंची।

# फर्जी दस्तावेज देकर गाड़ी अपने नाम करवाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

पुलिस ने फर्जी दस्तावेज देकर गाड़ी अपने नाम करवाने वाले आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान जिले के गांव पनिहारी निवासी राहुल के रूप में हुई है। उसको अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

थाना नारनौंद में तैनात सब इंस्पेक्टर रामलाल ने बताया कि पनिहारी निवासी राहुल ने नारनौंद तहसील में फर्जी दस्तावेज देकर एक क्रेटा गाड़ी अपने नाम करवा ली थी ओर उस पर लोन भी ले लिया था। गाड़ी के असली मालिक गांव कापड़ो निवासी राजेश को जब पता चला कि उसकी गाड़ी के फर्जी कागजात तैयार करवाकर लोन लिया गया है तो उसने शिकायत नारनौंद एसडीएम कार्यालय में की। जब पूरे मामले की जांच की गई तो फर्जी आरसी के सहारे राहुल ने सभी फर्जी कागजात तैयार करवाए पाए गए। एसडीएम कार्यालय की तरफ से इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

> आरोपी ने गाड़ी अपने नाम करवा कर उस पर लोन भी ले लिया

उसको अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में बैंक के कर्मचारी सहित अन्य विभागों के कर्मचारी भी शामिल हैं उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही हैं। जांच अधिकारी रामलाल ने बताया कि मामले का मुख्य आरोपित गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

मामले की गहनता से जांच की जा रही है। इसमें शामिल अन्य युवकों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**समारोह** | लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट सेवार्थ भाव से जनहित के कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध

# धूमधाम से किया आठ कन्याओं का सामूहिक विवाह भव्यता देख सभी ने की दिल खोलकर तारीफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सेवा कार्यों की एक और मिसाल कायम करते हुए लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने असमर्थ परिवारों की 8 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से आयोजित किया। दिल्ली रोड स्थित सूर्या सेलिब्रेशन में आयोजित विवाह समारोह की भव्यता देखकर हर किसी ने दिल खोलकर तारीफ की। दरअसल इस विवाह समारोह के लिए विवाह स्थल को विशेष रूप से सजाया गया।

अलग-अलग क्षेत्र से बारात के सूर्या सेलिब्रेशन में पहुंचने पर परंपरा के अनुसार जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई। जयमाला की रस्म अदायगी के साथ पूरे विधि-विधान से मंडप में अग्नि प्रज्वलित करके मंत्रोच्चारण के साथ फेरों की रस्म पूरी की गई। इतना ही नहीं बेटियों को पूरी श्रद्धा के साथ आशीर्वाद देते हुए उपहारों की समुचित व्यवस्था भी रही। असमर्थ परिवारों की कन्याओं के लिए आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान जयमाला समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री कपिशंकर धाम के महंत स्वामी चंद्रदेव जी व अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक साध्वी सुजाता जी का विशेष सान्निध्य रहा। सामूहिक विवाह समारोह में लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला मंगालीवाला, प्रधान अनिल मीरकां, उपप्रधान वेदप्रकाश सिंगला, सचिव निर्मल गर्ग व कोषाध्यक्ष पवन जलंधरा सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने विशेष भूमिका निभाई। अनिल सिंगला मंगालीवाला ने बताया कि इस सामूहिक विवाह समारोह में विभिन्न संस्थाओं का भरपूर सहयोग मिला। सूर्या सेलिब्रेशन के स्वामी निर्मल गावड़िया ने सामूहिक विवाह समारोह के लिए स्थल निशुल्क उपलब्ध करवाया। केशवम कैटर्स के स्वामी अनिल वर्मा ने नो प्रॉफ्टि-नो लॉस के आधार पर कैटरिंग की पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी उठाई।




हिसार। सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद नवयुगल, अतिथिगण व पदाधिकारी।

## गीता जयंती महोत्सव



कुरुक्षेत्र में गीता जयंती महोत्सव, भगवद गीता के जन्मदिवस (मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी) के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह एक विशाल वार्षिक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है, जहां भक्त ब्रह्म सरोवर में स्नान करते हैं, श्लोक पाठ, भजन, नाटक और शिल्प मेले (सरस मेला) में भाग लेते हैं। यह आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और हरियाणा पर्यटन द्वारा कई देशों की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाता है। यह महोत्सव 2016 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

हरिभूमि
रोहतक, सोमवार, 15 दिसंबर 2025


# कला और संस्कृति का अनूठा संगम है फल्गु महोत्सव

**लोक परंपराओं को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है 'फल्गु लोककला महोत्सव'। यह संस्कृति के प्रति एक संकल्प, एक यात्रा और एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत है जो हमारी विरासत को आधुनिकता की दौड़ में संरक्षित करने का प्रयास करता है।**

संस्कृति

**रामबीर सिंह 'राम'**



हरियाणा की संस्कृति और परम्पराएं अद्भुत हैं। यहाँ की माटी से उठती सुगंध केवल खेत-खलिहानों तक सीमित नहीं है बल्कि लोकगीतों, नृत्यों, रागनियों और धार्मिक आस्थाओं में भी साँस लेती है। इन्हीं लोक परंपराओं को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है 'फल्गु लोककला महोत्सव'। जो न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि यह संस्कृति के प्रति एक संकल्प, एक यात्रा और एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत है जो हमारी विरासत को आधुनिकता की दौड़ में संरक्षित करने का प्रयास करता है।

इस महोत्सव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के साथ-साथ यह भी सिद्ध कर दिया कि लोककलाएँ आज भी समाज की आत्मा हैं और जब इन्हें उचित मंच मिलता है, तो ये सांस्कृतिक चेतना की नई धाराओं को जन्म देती हैं। ऐसे में यह उत्सव तब और भी प्रासंगिक तथा प्रभावशाली हो जाता है जब इसका आयोजन कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर स्थित फल्गु तीर्थ यानि फल्कीवन पर किया जाता है। हरियाणा के कैथल जिले के गाँव फरल में स्थित फल्गु तीर्थ यानि फल्कीवन की बात चली है तो बताते चलें कि वामन पुराण के अनुसार, घने वनों से आच्छादित कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर सात प्रमुख वन थे, जिनमें से एक था फल्कीवन। यह पावन भूमि सरस्वती और दृषद्वती नदियों के जल से पोषित थी। दृषद्वती नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन तक रहा है, जिसके अवशेष आज भी गाँव फरल के पूर्व में देखे जा सकते हैं। इस भूमि पर महर्षि श्री फल्क ने कठोर साधना की, और उन्हीं के नाम पर यह स्थान 'फल्कीवन' कहलाया। कालांतर में, यही वन फल्गु तीर्थ बना और इसके कारण ही गाँव का नाम 'फरल' पड़ा। यह तीर्थ पितृकर्म के लिए विश्वभर में विख्यात है, जिसका वर्णन महाभारत, वामन पुराण, मत्स्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में मिलता है। वामन पुराण के 36वें अध्याय में वर्णित है :

*"सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन तथा।*
*यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम्।।49।।*
*गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणति नित्यशः।*
*तथा श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।50।।"*




अर्थात सोमवार के दिन अमावस्या के अवसर पर फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को गया जी में किए गए श्राद्ध की तरह ही तृप्त और प्रसन्न करता है।

फल्गु तीर्थ केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर भी है। यहाँ 17वीं शताब्दी का मुगलकालीन शिव मंदिर, नागर शैली में निर्मित राधा-कृष्ण मंदिर, विशाल सरोवर और एक अत्यंत प्राचीन वटवृक्ष इसकी महत्ता को और भी बढ़ा देते हैं। समीप स्थित पणिश्वर तीर्थ भी है, जिसे महाभारत के अनुशासन पर्व में 'पाणिखात' कहा गया है।

फल्गु तीर्थ पर सांस्कृतिक आयोजनों का इतिहास भले ही शानदार हो, लेकिन इस आयोजनों के बीच आने वाला लंबा अंतराल परंपरा के सरंक्षण में बाधक बन रहा था। जिसे दूर करने का बीड़ा फल्गु मंदिर सुधार समिति ने उठाया। समिति के संरक्षक जयगोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में, वर्ष 2011 में पहली बार एक दिवसीय भजन संध्या का आयोजन हुआ। यह छोटा-सा प्रयास गाँव की सांस्कृतिक चेतना को जगाने वाला दीपक साबित हुआ। धीरे-धीरे यह परंपरा बढ़ती गई और उत्सव का दायरा एक दिन से बढ़कर सात दिन तक पहुँच गया। हरियाणवी सांग, रागनी, लोकनृत्य, भजन और कवि सम्मेलन जैसे विविध कार्यक्रमों ने इस मंच को बहुआयामी बना दिया। 2016 में जब हरियाणा कला परिषद इस उत्सव से जुड़ी, तो आयोजन को नई ऊर्जा मिली। सरकार के सहयोग और कलाकारों की बढ़ती भागीदारी ने इसे राज्यस्तरीय पहचान दिलाई। वर्ष दर वर्ष इस महोत्सव में कलाकारों की संख्या निरंतर बढ़ती रही। 2016 में जहाँ 35 कलाकारों ने भाग लिया, वहीं 2017 में यह संख्या 180 तक पहुँच गई। 2018 और 2019 में यह परंपरा जारी रही। 2020 में महामारी के कारण उत्सव ऑनलाइन आयोजित हुआ, जिसमें 120 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। 2021 से फिर प्रत्यक्ष आयोजन शुरू हुआ और हरियाणा साहित्य अकादमी भी इससे जुड़ गई। इससे गाँव में कवि सम्मेलन की एक नई परंपरा का जन्म हुआ, जिसने लोककलाओं के साथ-साथ साहित्य को भी इस मंच पर स्थान दिया। यह उत्सव हरियाणा सरकार की विभिन्न परीक्षाओं में भी एक प्रश्न बनकर उभरा है कि 'फल्गु उत्सव कब और कहाँ आयोजित होता है?', जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता और महत्ता को दर्शाता है। वर्ष 2022 में पहले आयोजनों की परंपरा को निभाने के बाद वर्ष 2023 से महोत्सव कला और सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा की वित्तीय सहायता से तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

हाल ही में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा तथा फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 सितम्बर 2025 तक फल्गु तीर्थ, फरल (कैथल) में तीन दिवसीय फल्गु लोककला महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें इंद्रप्रस्थ अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली और क्षीरधारा करनाल का विशेष सहयोग रहा। 12 सितम्बर को पहले दिन हरियाणवी लोकनृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा (निदेशक, उर्दू प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी) के सान्निध्य में मुख्य अतिथि सतपाल जाम्बा, विधायक पूंडरी, अध्यक्ष मनजीत सिंह (सदस्य सचिव, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी) तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामबीर सिंह 'राम' और समाजसेवी विकास गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुकेश द्वारा गणेश वंदना,



सत्यवान व सोनी की 'कुएं की पनिहारी', सीमा वत्स की 'काला-काला कहे गुजरी' तथा बलराज और उनकी टीम की 'जर-जोरू और जमीन' जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को लोक-संवेदना से भर दिया।महोत्सव के दूसरे दिन 13 सितम्बर को लोकगायन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रामपाल सैनी (कुलपति, चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद), अध्यक्ष पद्मश्री महाबीर गुड्डू और विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋषिपाल (प्राचार्य, जनता कॉलेज, कौल) ने किया महाबीर गुड्डू ने भी सुप्रसिद्ध रागनी 'गंगा जी तेरे खेत मैं' प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। 14 सितम्बर को अंतिम दिन हरियाणवी मखौल एवं कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री (कार्यकारी उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी), अध्यक्ष सुभाष गर्ग, विशिष्ट अतिथि कर्म सिंह, डॉ. पवन वर्मा (निदेशक, आकाशवाणी हिसार) और विजय सिंगला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कवयित्री अनामिका वालिया, हास्य कलाकार संजीत कौशिक, प्रदीप सिंह, आजाद दुहन, विनीत पांडेय और गीतकार चरणजीत 'चरण' की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को हँसी, व्यंग्य और भक्ति के संगम से सराबोर कर दिया। तीनों दिन फल्गु तीर्थ परिसर लोकसंगीत, नृत्य और काव्य से गूंजता रहा। सभी अतिथियों ने कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा और फल्गु मंदिर सुधार समिति को साधुवाद देते हुए ऐसे आयोजनों को हरियाणवी विरासत के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी तक इसके प्रसार का प्रेरणास्रोत बताया।

वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा इसे "एक सांस्कृतिक चेतना का उत्सव" कहते हैं, जो समाज के लिए एक सुखद अनुभव और उदाहरण प्रस्तुत करता है। जबकि हिंदी मंच संचालन के शिखर पुरुष जैनेन्द्र सिंह की नज़र में 'फल्गु उत्सव' अपनी कला, संस्कृति और परंपराओं को समर्पित एक सकारात्मक और सफल प्रयास है जो समाज के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डॉ. जी.एस. चौहान का मानना है कि यह शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना का संगम है, जो युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ता है। इसी प्रकार उत्तर मध्य सांस्कृतिक कला केंद्र के निदेशक सुदेश शर्मा इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का सपना देखते हैं और इसे संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक सार्थक योगदान मानते हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंहल कहते हैं कि फल्गु उत्सव का आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तीर्थों के प्रचार-प्रसार और रख-रखाव के संकल्प में सहयोगी प्रतीत होता है।

वहीं लंदन में रहने वाले प्रसिद्ध रेडियो कलाकार रवि शर्मा का मानना है कि ऐसे आयोजन मन को आनंदित करते हैं। पद्मश्री महाबीर गुड्डू कहते हैं कि 'फल्गु लोककला महोत्सव' कला और संस्कृति के आनंद का उत्सव है। महोत्सव के संयोजक दिनेश शर्मा 'दिनेश' का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में यह महोत्सव फल्गु मेले के रूप में विकसित हो, जो पितृपक्ष के पूरे सोलह दिनों तक चले और हजारों कलाकारों तथा लाखों श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ दे। उनका मानना है कि यह न केवल संस्कृति के संरक्षण का एक प्रयास है, बल्कि फल्गु तीर्थ को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का भी एक माध्यम है। फल्गु तीर्थ की पावन भूमि पर आयोजित यह महोत्सव हमें यह संदेश देता है कि संस्कृति केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा है। यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

---

कविता | **सविता गर्ग 'सावी'**



### विष्णु चरण तै निकली गंगा

विष्णु चरण तै निकली गंगा शंकर जटा समाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

राजा सागर के पुत्रां नै जब
कपिल मुनि का उपहास करया
आंख खोल कै गेड़ी दृष्टि
पल में सब तै भसम करया
जब दुनिया नै बेरा पाटया मचगी सारै दुहाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

स्वर्ग लोक तै चल कै गंगा
मृत्यु लोक मैं आई
सब ऋषियां की कुटिया बह गई
मच गई सारै तबाही
जाहनू ऋषि नै पी कै गंगा मन मैं शांति पाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

हाथ जोड़ कै बोल्या भागीरथ
विनती मेरी स्वीकार करो
मेरे पित्तर सै अधोगति मैं
उन सब का उद्धार करो
सावी गावै झूम झूम कै जय हो गंगा माई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई।

विष्णु चरण तै निकली गंगा शंकर जटा समाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई।

---

गीत | **सुरेश भाणा**



### नशा करै बुरी दशा

नशा करै बुरी दशा क्रोध का बाप बताया जा
क्रोध के कारण मति भ्रम हो ना बिल्कुल भी समझाया जा

नशे के कारण इस जग में ज्यादा झगड़े होते देखे
बुद्धि से ना काम लेवैं , वैं फेर पाछै तै रोते देखे
लाख बुराई हर तरियां की अपने सिर पै ढोते देखे
भाईचारा रिस्तेदारी और यारी नै भी खोते देखे
काम ईसा कर जाते जो ना फेर पाछै तै सँगवाया जा

नशा करणिया माणस के घर होज्या धन का टोटा
उसका कुणबा भूखा सोवै काम बणै घणा खोटा
टूम ठेकरी बासण बिकज्यां सिर पै हो कर्जा मोटा
सारी दुनिया देवै बुराई छुटज्या मेर मळओटा
चिंता रहती चौबीस घंटे फेर पिया जा ना खाया जा

क्रोध के कारण बैर बढै ये पैदा होज्यां कठिनाई
क्रोध के कारण अक्ल खत्म हो रहै ना गात समाई
क्रोध के कारण कुणबा टूटै और न्यारे होज्यां भाई
क्रोध के कारण बड़े बड़े खपगे ना कोई निशानी पाई
क्रोध करणिया माणस फेर सारे जग में बिसराया जा

काम क्रोध मद लोभ छोड़ कै प्यार निभाणा चाहिए
छोटी मोटी बातां पै ना कदे गुस्सा ठाणा चाहिए
जो लागै बोल सभी नै सुथरा ईसा ए गाणा चाहिए
जन्म लेण नै फेर दोबारा मनै यो पाई भाणा चाहिए
कहै सुरेश गुरु चरणों में यो हरदम शीश झुकाया जा

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

नैतिक मूल्य

**संयुक्त परिवारों के आंगन अब दीवारों में बंट गए, डिजिटल युग में मोबाइल फोन बन रहे अकेलेपन के साथी**


# चिंता का विषय है बदलता सामाजिक परिवेश



जीवनशैली | **कृष्ण गोपाल सोलंकी**

हरियाणा प्रदेश, जिसे कभी अपने दूध-दही के खान-पान, आपसी प्रेम, भाईचारे और अटूट सहयोग के लिए जाना जाता था, आज एक अजीब से संक्रमण काल से गुजर रहा है। जिस धरती की पहचान बड़ों के प्रति अगाध सम्मान और निःस्वार्थ सेवा थी, आज वहां की तस्वीर कुछ धुंधली और अलग हो गई है।

यह विडंबना ही है कि विकास की दौड़ में आगे बढ़ते हुए हम अपने नैतिक मूल्यों को पीछे छोड़ आए हैं। नई पीढ़ी के व्यवहार में बड़ों के प्रति सम्मान, दिखावे की खोखली जिंदगी और बढ़ती नशाखोरी आज हर संवेदनशील व्यक्ति के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई है। आज का इंसान अपने वास्तविक स्वधर्म और मानवता को भूलकर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के दलदल में बुरी तरह फंस गया है। जिसके कारण समाज में नैतिक मूल्यों का पतन बड़ी तेजी से हो रहा है। भाईचारे की मिसाल कहे जाने वाले हरियाणा में इन दिनों ऐसी-ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिनसे मानवता शर्मसार हो उठती है। सहनशीलता का स्तर इतना गिर गया है कि जरा-जरा सी बात पर खून-खराबा होना आम बात हो गई है। उदाहरण के तौर पर, अक्सर देखने में आता है कि खेत की एक इंच मेंढ या घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने जैसी मामूली बात पर वर्षों पुराने पड़ोसी या सगे भाई एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। यह वही समाज है जहाँ कभी पड़ोसी के दुख को अपना दुख समझा जाता था, लेकिन आज क्रोध और अहंकार ने विवेक को हर लिया है। भौतिक सुखों की अंधी दौड़ और खुद को रातों-रात अमीर बनाने की चाहत में माता-पिता अब अनजाने में ही सही, अपने बच्चों को वह समय नहीं दे पा रहे हैं, जो उनके चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य था। इसका परिणाम यह हुआ है कि संयुक्त परिवारों के आंगन अब दीवारों में बंट गए हैं; अलग-अलग चौखटें और अलग-अलग रास्ते हो गए हैं। इस अलगाव का सबसे बड़ा और दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ा है। जिस उम्र में उन्हें घर के बुजुर्गों के सानिध्य में स्नेह, सहयोग, तालमेल और रिश्तों की मिठास सीखनी चाहिए थी, उस कच्ची उम्र में वे मोबाइल की दुनिया में अकेलेपन के साथी बन गए हैं। वे बेढंगी और अर्थहीन 'रील्स' देख रहे हैं और खुद भी वैसा ही बनावटी जीवन जीने का प्रयास कर रहे हैं। इस जलती आग में घी डालने का काम किया है, नए दौर के हरियाणवी गानों ने। साहित्य और संगीत, जो कभी समाज का दर्पण हुआ करते थे, आज पथभ्रष्ट हो चुके हैं। इन गीतों की भाषा शैली न केवल असभ्य है, बल्कि यह लेखकों की परवरिश और उनके संस्कारों पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाती है। गीतों में जेल, पिस्तौल, बदमाशी, मार-काट और शराब जैसे शब्दों का प्रयोग और महिमामंडन इस प्रकार किया गया है, जिससे प्रभावित होकर युवा वर्ग इसे ही जीवन का 'सच्चा सुख' और 'रुतबा' मान बैठा है। तकनीकी और पैसे के इस दौर ने माता-पिता से जहाँ उनके बच्चे छीन लिए, वहीं माता-पिता भी अपनी व्यस्तताओं के चलते अपने बच्चों से कोसों दूर होते जा रहे हैं। संवादहीनता के इस दौर में सहनशीलता पूरी तरह ख़त्म हो गई है। आज के बच्चे जीवन के छोटे-छोटे संघर्षों और बुरे समय का सामना करने से डरते हैं। उनकी मानसिक स्थिति इतनी नाजुक हो गई है कि परीक्षा में थोड़े कम अंक आ जाएं या कोई मनचाही वस्तु न मिले, तो वे आत्महत्या जैसा कायरतापूर्ण कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि उनके पास कोई अपना ऐसा नहीं है जिससे वे मन की बात कर सकें, कोई समझाने वाला नहीं है जो उन्हें बताए कि असफलता जीवन का अंत नहीं है। ऐसे में यह प्रत्येक माता-पिता की नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों के प्रति सजग रहें। घर से बाहर कदम रखते बच्चों के बारे में माता-पिता को यह पता होना ही चाहिए कि हमारा बच्चा कहाँ है, किसके साथ उठ-बैठ रहा है और वह क्या करता है?




**अपने परिवार को आर्थिक और सामाजिक गति देना आवश्यक है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है कि हम पहले एक स्वस्थ और संस्कारवान माहौल तैयार करें और उसकी शुरुआत अपने घर से करें। महँगे संसाधनों से ज्यादा बच्चों को हमारे 'समय' और 'साथ' की जरूरत है। हम अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा जरूर दें, लेकिन उसके साथ सुसंस्कारों की नींव भी रखें। जब तक शिक्षा और संस्कार का मेल नहीं होगा, तब तक हम एक सुखी और सुरक्षित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। अंततः, हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा ताकि हरियाणा का वह खोया हुआ सौहार्द और प्रेम पुनः लौट सके।**

---

# हरियाणा की माटी से निखरी कला-साधिका ममता शर्मा

कलाकार | **दिनेश शर्मा 'दिनेश'**

*अंधेरी रात जब बीते उजाला लौट आता है,*
*अमावस का अंधेरा भी कभी ना रोक पाता है।*
*करे कोशिश अगर कोई, सफलता मिल ही जाती है;*
*इरादे हों अटल जिसके, जमाना सिर झुकाता है।*



कुछ ऐसी ही होती है जीवन में संघर्षों से होकर सफलता तक पहुँचने की कहानी। यदि हौसलों में उड़ान हो तो अभाव केवल पड़ाव बनकर रह जाते हैं। हरियाणा की लोक संस्कृति के फलक पर शोभित लोक कलाकार ममता शर्मा ने यह सिद्ध करके दिखाया है। एक श्रमिक परिवार की बेटी से लेकर आज अनगिनत मंचों की शान बनने तक का उनका सफर न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण भी है।रोहतक जिले के गाँव मुरादपुर टेकना में एक अत्यंत साधारण और कृषक परिवार में जन्मी ममता का बचपन आर्थिक तंगी में गुज़रा।

माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी कर घर का खर्च चलाते थे। वे भले ही अक्षरज्ञान से दूर थे, किंतु अपनी संतानों को संस्कार और स्वाभिमान का पाठ पढ़ाना भली-भांति जानते थे। ममता बताती हैं, "दरिद्रता हमारे घर की चौखट पर अवश्य थी, किंतु मेरे माता-पिता ने हमारे आत्मबल को कभी विपन्न नहीं होने दिया।" ममता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा (आठवीं तक) गाँव के ही सरकारी विद्यालय से तथा दसवीं की परीक्षा मोखरा गाँव से उत्तीर्ण की। बाल्यकाल से ही उनके मन में हरियाणवी संस्कृति, मटका दौड़, नाटक और पारंपरिक वेशभूषा के प्रति गहरा अनुराग था। विद्यालय के सांस्कृतिक आयोजनों में वह अपनी कला का लोहा मनवाती रहीं। किंतु नियति को कुछ और ही स्वीकार था।घर की विषम परिस्थितियों के चलते, महज 15 वर्ष की अल्पायु में ही उन्हें गृहस्थी के बंधन में बाँध दिया गया। उनका विवाह हिसार के निकट स्थित गाँव बांस में हुआ। एक हँसती-खेलती किशोरी ने सिर पर घूँघट और घर-गृहस्थी की बड़ी जिम्मेदारियों के बीच अपने कलाकार मन को एक लंबी चुप्पी में कैद कर लिया। ममता अतीत के पन्ने पलटते हुए कहती हैं, "विवाह के उपरांत नए दायित्व थे, संतान सुख था और भरा-पूरा परिवार था। मैंने सब कुछ संभाल लिया, किंतु हृदय के किसी कोने में एक कसक बाकी थी कि मेरा सपना अधूरा है। मुझे अपनी लोक-परंपरा के संरक्षण के लिए कुछ करना है।"





बदलते समय के साथ ममता के सपनों को नया जीवन मिला। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति, ठेठ बोली और सादगी से भरे वीडियो साझा करने शुरू किए। उनकी सहजता और लोककला ने जनमानस को प्रभावित किया और वह अत्यंत लोकप्रिय हो गईं।उनका मानना है कि उनकी सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ उनके पति सुरेश शर्मा का है। हरियाणा के ग्रामीण परिवेश में जहाँ प्रायः वधुओं की प्रतिभा चूल्हे-चौके तक सिमट जाती है, वहीं ममता के पति ने एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने न केवल ममता की कला का साथ दिया, बल्कि उनकी अधूरी शिक्षा को भी पुनः आरंभ कराया। एक वर्ष पूर्व उन्होंने ममता का बारहवीं कक्षा में नामांकन करवाया। ममता का कहना है, "सीखने की कोई समय-सीमा नहीं होती। आज मैं अध्ययन भी कर रही हूँ, गृहस्थी भी संभाल रही हूँ और मंच पर भी सक्रिय हूँ। मेरा उद्देश्य उन महिलाओं में चेतना जगाना है जो विवाह के उपरांत अपने स्वप्नों को तिलांजलि दे देती हैं।"इसी संदर्भ में वह भावुक होकर कहती हैं, "आज यदि मैं समाज के समक्ष चमक रही हूँ, तो इसमें मेरी मेहनत से अधिक मेरे पति का त्याग है। वे मुझे प्रत्येक कार्यक्रम में स्वयं छोड़कर जाते हैं और ससम्मान वापस लाते हैं। ससुराल में आकर यदि उनका साथ न मिलता, तो मैं कभी भी घर की देहली नहीं लांघ पाती।

### गुरु का सान्निध्य और शिक्षा की नई अलख

ममता की प्रतिभा को वास्तविक विस्तार पद्मश्री महावीर गुड्डू के सान्निध्य से मिला, जिन्होंने उनकी कला को तराशा और उन्हें प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाई। वह 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट' जैसे बड़े मंच पर भी हरियाणवी संस्कृति का परचम लहरा चुकी हैं। अब वह विदेशों में भी हरियाणवी संस्कृति का ध्वज फहराने की तैयारी कर रही हैं। ममता शर्मा का लक्ष्य केवल प्रशंसा बटोरना नहीं है। उनकी आँखों में एक बड़ा सपना तैर रहा है। वह दृढ़ता से कहती हैं, "मेरी आत्मा को शांति तब मिलेगी जब हरियाणवी लोक कला, हमारा परिधान और हमारे संस्कार हिंदी सिनेमा से लेकर विदेशी मंचों तक अपनी विशिष्ट पहचान बनाएंगे। यह मेरा स्वप्न मात्र नहीं, अपितु संकल्प है।"

### सांसद खेल महोत्सव- हजारों खिलाड़ियों ने जोश के साथ लिए हिस्सा

# युवा शक्ति के उत्सव में दिखा जोश अनुशासन और प्रतिभा का संगम

## समापन समारोह में राज्यसभा सांसद ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद






फतेहाबाद। विजेताओं को सम्मानित करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त मंच है। खिलाड़ी नशे और ऑनलाइन गेम्स जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का सशक्त आधार हैं, जो युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रविवार को एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में आयोजित सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबलों एवं समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है। यदि युवा खेल के मैदान से जुड़ा रहेगा तो वह स्वतः ही नशे, मोबाइल की लत और ऑनलाइन गेम्स जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लें, हार-जीत को सहज रूप से स्वीकार करें और निरंतर मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें खेलों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से देशभर में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा रहा है, वहीं हरियाणा सरकार की खेल नीति आज देश के लिए एक आदर्श बन चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को पारदर्शी चयन प्रणाली, बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल ढांचा और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान व प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इस मौके पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### प्रदेश का नाम रोशन कर रहे खिलाड़ी

राज्यसभा सांसद ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति के कारण प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों का बढ़ता योगदान इस नीति की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही खेल छात्रवृत्तियां, सरकारी नौकरियों में आरक्षण और नकद पुरस्कार युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित कर रहे हैं। समारोह के दौरान राज्यसभा सांसद ने विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबलों में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आयोजकों, कोचों, निर्णायकों और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से यह खेल महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।राज्यसभा सांसद ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल के माध्यम से अपने जीवन को स्वस्थ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण बनाएं तथा देश का नाम रोशन करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुला, एमएम कॉलेज प्राचार्य गुरचरण सिंह, एसई ओपी बिश्नोई, डीएसओ विष्णुदास, भीम लांबा, एईओ अनूप सिंह, जयदीप बराला, सुधीर तनेजा, शम्मी ढींगरा, कंवल चौधरी, कालू बरसीन, चिरंजी लाल ढाँड, किशोरी लाल नारंग, महेंद्र मूटरेजा, राकेश भाम्भू, जीतू फुला, लायक राम गढ़वाल, विक्रम शर्मा सहित संगठन पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में 432 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

**पुलिस अधीक्षक ने छात्रों नियमों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




सिरसा। बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए।

बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा क्विज कंपटीशन परीक्षा जेसीडी विद्यापीठ सिरसा में संपन्न करवाई गई है। क्विज कंपटीशन प्रतियोगिता में रानियां, ऐलनाबाद, बड़ागुढ़ा एवं नाथूसरी चौपटा खंड से चार श्रेणियों में 432 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रथम चरण में कक्षाओं के अनुसार चार श्रेणियां बनाई गई। पहली श्रेणी में कक्षा तीसरी से छठी, दूसरी में छठी से 8वीं, तीसरी में 9वीं से 12वीं तथा चौथी श्रेणी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि इस प्रश्नोतरी प्रतियोगिता को करवाने का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में यातायात नियमों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देना ताकि सडक़ दुर्घटनाओ में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि बचपन में यदि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएं तो वे भविष्य में अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं, क्योंकि बचपन का समय स्वर्णिम कॉल होता है तथा सीखने और सीखाने का सही समय होता है।

पुलिस अधीक्षक ने जिलाभर के सभी स्कूल व कॉलेजों के विधार्थियों से आह्वान किया है कि वे यातायात नियमों की स्वयं पालना कर अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें ताकि यातायात व्यवस्था को और अधिक सदृढ़ बनाया जा सके।

### अब मंडल स्तर पर होंगे मुकाबले

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि स्कूली बच्चों को सडक़ सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी देने के लिए परीक्षा के चार लेवल बनाए गए थे। चारों लेवल के क्विज कंपटीशन में एक-एक टीम को चयनित किया गया है। चयनित की गई टीम आगामी मंडल स्तर पर होने वाली सडक़ सुरक्षा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता परीक्षा मे भाग लेगी।

# डाइट स्टॉफ सदस्यों ने किया शोक व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) डिंग के प्रभारी प्रवक्ता सुरेंद्र नूनिया के पिता रणपतराम नूनिया के निधन पर डाइट के स्टाफ सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है। उनके निधन पर जिला शिक्षाधिकारी सुनीता साईं, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी, जिला शिक्षाधिकारी वेद दहिया, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह सिंहमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी विजय सचदेवा, कृष्ण लाल, कैथल जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, डाइट मताना प्रिंसिपल विनोद श्योराण सहित अनेक शिक्षाविदों, संस्थान प्रमुखों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया। सभी शिक्षाविदों ने शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की परमात्मा से कामना की।

## खबर संक्षेप



सिरसा। भगवान शिव के अद्र्धनारीश्वर रूप की प्रतिमा का रविवार को अनावरण पर श्रद्धालुजन ।

### भगवान शिव की प्रतिमा का किया अनावरण

सिरसा। रानियां रोड स्थित बाबा बिहारी की समाधि के गेट के पास स्थापित भगवान शिव के अद्र्धनारीश्वर रूप की प्रतिमा का रविवार को अनावरण व बाबाजी के रज सिंहासन का लोकार्पण भूराराम मित्तल द्वारा किया गया। इस मौके पर संरक्षक महेश सुरेकां, प्रदीप मित्तल कार्यकारी प्रधान, मंगत सेठी सचिव, कोषाध्यक्ष अनिल बांसल, प्रवीण नरूला सहसचिव, गुरमुख कोचर उपप्रधान, नरेश मिढा उपप्रधान, बलजिंद्र नरूला, गगन खुराना, मनोज मिढ़ा, अनिल मिढा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य सेवक गुलाबराय ने बताया कि काफी समय पूर्व मित्तल परिवार द्वारा बाबा बिहारी की समाधि पर भगवान शिव के अद्र्धनारीश्वर रूप की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया गया था। इसी कड़ी में रविवार को पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमा का अनावरण किया गया है।



### भाकपा ने मनाई प्रथम शतकीय स्थापना वर्षगांठ

सिरसा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की प्रथम शतकीय स्थापना वर्षगांठ कॉमरेड टीका राम सुखन भवन में धूमधाम से मनाई गई। सभा की अध्यक्षता कॉमरेड गुरदीप सिंह सिद्धू, जगरूप सिंह चौबुर्जा एवं मुंशी राम सुचान ने संयुक्त रूप से की। सीनियर एडवोकेट कॉमरेड अश्विनी ब शी ने पार्टी के जिला सिरसा व देश स्तर पर किए गए संघर्षों का विस्तार से वर्णन करते हुए पार्टी के इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी देश की मिट्टी से बने संघर्ष करने वाले नेताओं द्वारा बनी है। देश के लोगों का बढ़िया जीवन स्तर बनाना पार्टी का ध्येय है। शोषणमुक्त समाजवादी शासन कायम करने के लिए पार्टी संघर्ष के मैदान में है। उन्होंने आगे कहा कि समाजवाद ही भविष्य है, जिसे हम हर हालत में हासिल करके ही दम लेंगे। पार्टी के नेतृत्व के संघर्षशील लोगों को मंच से स मानित किया गया। कॉमरेड मोहिंदर सिंह खाजाखेड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।



सिरसा। मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### डेरे में आयोजित कैंप में 12278 मरीजों की हुई आंखों की जांच, 182 के ऑपरेशन

सिरसा। शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा में आयोजित चार दिवसीय आई कैंप में हर दिन उम्मीद की नई किरणें जगमगा रही हैं। कैंप में आंखों की जांच और ऑपरेशन का सिलसिला लगातार जारी है और तीसरे दिन तक 12278 मरीजों की आंखों की जांच पूरी की जा चुकी है। जांच के बाद 281 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनमें से 182 मरीजों के सफल ऑपरेशन हो चुके हैं। इस सेवा शिविर के तहत अब तक 2628 मरीजों को निःशुल्क चश्मे और 6709 मरीजों को दवाइयां वितरित की जा चुकी हैं। कैंप में जांच का क्रम 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। पहले दिन ऑपरेशन करवाने वाले 101 मरीजों को रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल की डॉ. मोनिका गर्ग इन्सां, डॉ. गीतिका इन्सां, शाह सतनाम जी सार्वजनिक अस्पताल श्री गुरुसरमोडिया से डॉ. ललित और चंडीगढ़ से पहुंचे वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अवनीश गुप्ता अपनी टीम ऑपरेशन कर रही है।

### महाराजा शूरसैनी जयंती को लेकर बैठक

सिरसा। सैनी सभा ट्रस्ट की बैठक रविवार को सैनी सभा धर्मशाला में प्रधान नरेंद्र सैनी की अध्यक्षता में हुई जिसमें आगामी 20 दिसंबर को महाराजा शूरसैनी जयंती को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। प्रधान नरेंद्र सैनी ने सभी पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद जयंती को लेकर सभा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई। उन्होंने बताया कि 20 दिसंबर की सुबह 8.15 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद 9.15 बजे विचार गोष्ठी होगी और 11.15 बजे भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा।

# पुलिस कर्मचारियों ने किया श्रमदान

- थानों में अनुशासन और नागरिक-सुविधाओं पर रहा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। थानों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ थाना-चौकी पहल अभियान के तहत रविवार को पुलिस कर्मचारियों ने श्रमदान किया। हर रविवार जिले के सभी थानों और चौकियों में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सामूहिक रूप से श्रमदान कर रहे हैं। इस दौरान थाना परिसरों की सफाई, रिकॉर्ड रूम का सुव्यवस्थित प्रबंधन, पेंटिंग, मरम्मत और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस पहल में अधिकारी और जवान के बीच कोई औपचारिक भेद नजर नहीं आता, सभी एक टीम के रूप में कार्य करते हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन का मानना है कि स्वच्छ और व्यवस्थित कार्यस्थल पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ आमजन में भरोसे की भावना भी मजबूत करता है। इसी सोच के तहत इस पहल को नियमित और सतत रूप दिया गया है, ताकि इसका प्रभाव केवल दिखावटी न होकर स्थायी रहे। इस अभियान के परिणामस्वरूप कई थानों में नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। स्वच्छ पेयजल, साफ शौचालय, बैठने की व्यवस्था और बेहतर रिसेप्शन सिस्टम से शिकायत लेकर आने वाले लोगों को अब अधिक सहज वातावरण मिल रहा है। पुलिस का मानना है कि जब थाना परिसर साफ, व्यवस्थित और सकारात्मक होता है, तो उसका असर समाज पर भी पड़ता है।

# बुजुर्ग से 18 हजार रुपये छीनने का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति से 18 हजार रुपए की चपत लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि गांव बकरियांवाली निवासी बनवारी लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव रूपवास में सेम नाले के नजदीक हिस्से पर खेती बाड़ी करता है। बीती 9 सितंबर 2025 को बाइक सवार एक व्यक्ति आया और उसे जड़ी बूटी व नग बेचने का झांसा देकर बैठा लिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक कुछ सामान लेकर मैंने उसे पैसे देने चाहे तो उक्त व्यक्ति ने मेरा पैसों से भरा हुआ पर्स छीन लिया और मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया की उक्त शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना नाथूसरी चौपटा में छीना झपटी का मामला दर्जकर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने आरोपी संजू निवासी वार्ड नंबर 11 सपेरा बस्ती पेहवा जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ में उसने बताया कि वह सपेरा जाति से आता है और अपने परिवार का गुजारा करने के लिए जड़ी बूटी व नग बेचने का काम करता है। नीयत खराब होने की वजह से ही उसने छीना-झपटी की वारदात को अंजाम दिया था।

### हम मन से आज भी गुलामः भारती

सिरसा। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के आश्रम सेक्टर-20 में साप्ताहिक सत्संग किया गया, जिसमें साध्वी नेहा भारती ने कहा कि हम बाहरी तौर पर तो आजाद हो गए हैं, मगर हम मन से आज भी गुलाम हैं। जो हमारा मन कहता है हम वैसे ही कर्म करते जा रहे हैं, मगर हमारे संतों ने कहा है मन जीते जग जीत, मन के विचारों के कारण बुरी संगति के प्रभाव में फंसकर आज का युवा नशे की ओर जाकर अपना और अपने परिवार का जीवन बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने चाहिएं, ताकि मन को आत्मबल मिले। युवाओं को इसके लिए पूर्ण सतगुरु की शरण में जाकर ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर राष्ट्र के प्रति अपने फर्ज पूरे करने चाहिए। इस अवसर पर सुमधुर भजनों का गायन भी किया गया।

# बाइक सवार को टक्कर मारने का आरोपी ट्रक चालक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सडक़ हादसे में एक युवक की मौत होने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान रविंद्र कुमार पुत्र विजय सिंह, निवासी रत्ताखेड़ा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 13 दिसंबर को गांव किरढान निवासी रोहताश द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसका पुत्र राहुल मोटरसाइकिल पर गांव फुला से हडौली जा रहा था। सुबह करीब 7:30 बजे गांव तामसपुरा से आगे नहर के पास सामने से आ रहे ट्रक चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी, जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राहुल को उपचार के लिए सद्भावना अस्पताल फतेहाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत व मौके की कार्रवाई के आधार पर थाना सदर रतिया में मामला दर्ज किया गया।

# पूर्व सीएम चौटाला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 20 को

- समाधि स्थल पर 12 फुट की प्रतिमा का होगा अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। कार्यकर्ताओं की बैठक लेते रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला।

रानियां के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि पर आगामी 20 दिसंबर को सिरसा के तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर श्रद्धालंलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान चौटाला की समाधिस्थल पर 12 फुट की उनकी प्रतिमा का भी अनावरण किया जाएगा। अर्जुन चौटाला रविवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। अर्जुन ने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला ने अपने मुख्यमंत्री काल में जिस प्रकार किसानों, कमेरों, खिलाड़ियों, युवाओं, व्यापारियों सहित तमाम वर्गों के लिए जिस प्रकार की योजनाएं बनाकर अमलीजामा पहनाया, वह काल ही सही मायने में हरियाणा के विकास का काल था। विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि 20 दिसंबर को लोग बड़ी संख्या में पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे। इस मौके पर इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला ने जिस प्रकार इंडियन नेशनल लोकदल संगठन को मजबूती दी, वह पूरे देश में चर्चित रहा। जस्सा ने कहा कि चौधरी देवीलाल व पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के दिखाए मार्ग पर चलते हुए इनेलो आज भी शोषित वर्गों को अधिकार देने के लिए लड़ रह है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में होशियार सिंह खोड, महेंद्र बाना, प्रवक्ता महावीर शर्मा, देवेंद्र कृपालपट्टी, सुरेंद्र सिंह सिद्धू, जगदेव सरपंच मल्लेकां, सुरेश रोड, अशोक ब्यूटी, अशोक हंजीरा, अनिल भादू, जिल पार्षद प्रतिनिधि जयवीर शीलू, जयवीर यादव, आनंद सिहाग व धर्मवीर पारीक आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**धर्म- कर्म** | आर्य समाज मंदिर में ऋग्वेद पारायण यज्ञ का भव्य समापन

## स्वामी श्रद्धानंद के 100वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में आयोजन

# ऋग्वेद के मंत्र हमें एकता, प्रेम और विश्व कल्याण का संदेश देते हैं : अरूण ग्रोवर

- वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। आर्य समाज भवन में आयोजित ऋग्वेद पारायण यज्ञ में भाग लेते सदस्य।

आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा स्वामी श्रद्धानंद जी के 100वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में चल रहे चार दिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ का आज वैदिक रीति-रिवाजों और पूर्णाहूति के साथ समापन हो गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री, उनके साथ वेदपाठी आर्य समाज के पुरोहित दीपक शास्त्री एवं ब्रह्मचारी मनीष आर्य ने ऋग्वेद के मन्त्रों का सस्वर पाठ कर पूर्णाहुति करवाया। चार दिनों से चल रहे इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुतियां डालीं। यज्ञ की शुरुआत प्रतिदिन प्रातः काल वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ होती थी। समापन के अवसर पर यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री ने स्वामी श्रद्धानंद जी के 100 वें बलिदान दिवस पर कहा कि आर्य समाज के महान सन्यासी, समाज सुधारक, राष्ट्रभक्त और शिक्षाविद् थे। उन्होंने सबसे महान कार्य गुरूकुलों की स्थापना की। उस समय जब मैकाले शिक्षा पद्धति हमारे चरित्र और संस्कार को कमजोर कर रही थी, तब स्वामी श्रद्धानंद ने वैदिक परंपरा पर आधारित ऐसी शिक्षा दी, जो बुद्धि के साथ-साथ चरित्र का निर्माण करती थी। उनका मानना था कि शिक्षा वही है जो मनुष्य को श्रेष्ठ नागरिक और सच्चा आर्य बनाये। आर्य समाज के प्रधान अरुण ग्रोवर ने आए हुए सभी महानुभावों को स्वागत किया, साथ ही युवाओं से अपनी संस्कृति और जड़ों से जुडऩे का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस पारायण यज्ञ का उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों की पुनस्र्थापना और पर्यावरण की शुद्धि है। हमें प्रसन्नता है कि इस बार युवाओं और बच्चों ने भी बड़े उत्साह के साथ वेदों के इस ज्ञान यज्ञ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वेद केवल धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और विज्ञान हैं। ऋग्वेद के मंत्र हमें एकता, प्रेम और विश्व कल्याण का संदेश देते हैं। समापन समारोह के दौरान संपूर्ण वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित भक्तों के बीच ऋषि लंगर (प्रसाद) का वितरण किया गया।

### स्वामी श्रद्धानंद को किया नमन

आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सामाजिक कुरीतियों को प्रखर विरोधी थे। स्वामी जी का जीवन हमें सिखाता है कि धर्म केवल पूजा नहीं बल्कि साहस, सेवा और सत्य का नाम है। ऐसे महान सन्यासी को स्मरण करते हुए कोटि कोटि नमन है। इसके बाद आर्य समाज महिला समाज से सुमन रेल्हन, अनुराधा आर्या ने ईश्वर भक्ति एवं ऋषि भक्ति भजन प्रस्तुत किये।

### ये रहे मौजूद

इस यज्ञ में उपस्थित आर्य समाज के प्रधान आर्य अरुण ग्रोवर, पूर्व प्रधान बंसीलाल आर्य, पायनियर स्कूल के संचालक विजय निर्मोही एवं उनके पुत्र निशांत निर्मोही, सतीश चौधरी, सुरेश रेल्हन, हरीश झाम्ब, राजेश मेहता, भूप सिंह पटवारी, रोशन लाल गोदारा, नन्दलाल आर्य एवं संपूर्ण मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### हांसी प्रेस क्लब के प्रधान संदीप सैनी को मातृ शोक

**हांसी।** हांसी प्रेस क्लब के प्रधान संदीप सैनी की माता 72 वर्षीय सावित्री देवी का रविवार दोपहर निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी और हांसी के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन थी जहां रविवार दोपहर बाद अंतिम सांस ली। सावित्री देवी का अंतिम संस्कार सोमवार सुबह बरवाला रोड स्थित स्वर्गाश्रम (पिपली) किया जाएगा। सावित्री देवी सामाजिक व धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी वे अपने पीछे दो बेटों व दो बेटियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।



### मंत्री गंगवा आज करेंगे लाइब्रेरी का शिलान्यास

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा 15 दिसंबर को सुबह 11 बजे गांव गंगवा में राजाराम मेमोरियल लाइब्रेरी का शिलान्यास करेंगे। एक प्रवक्ता ने बताया कि लाइब्रेरी शिलान्यास करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री गांव में जन समस्याएं भी सुनेंगे। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जारी की एडवाइजरी

# सर्दी के मौसम में पड़ने वाली धुंध में सावधानी बरतें वाहन चालक : एसपी

### सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वाले भी आए चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सर्दी के मौसम में पड़ने वाले कोहरे व धुंध में रांग लेन में चलने वाले वाहनों व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने थाना प्रबंधको, चौकी प्रभारियों और यातायात पुलिस कर्मियों को अपने अपने क्षेत्रों में सावधानी के साथ वाहन चालकों को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि धुंध के समय सड़क पर दृश्यता बहुत कम हो जाती है। ऐसे में गलत दिशा में गाड़ी चलाने से परहेज करे। गलत दिशा में गाड़ी चलाने के कारण बहुत से सड़क हादसे होते है और उनमें बहुत लोग अपनी जान गवा देते है। ट्रैफिक नियमों का पालन कर हम अपने सफर को सुरक्षित कर सकते है। जहा तक संभव हो धुंध के समय सड़क पर ओवरटेक करने से बचे और अगर करना भी हो तो दाहिनी ओर से ओवरटेक करें। गलत दिशा से ओवरटेक करना हादसे को निमंत्रण देना है। जब भी वाहन चालक लेन बदले तो हमेशा टर्न इंडिकेटर का इस्तेमाल करें।

### वाहनों को सीमित गति के साथ अपनी लेन में चलाएं चालक



पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से कहा है कि सर्दी के मौसम में सुरक्षित यातायात के प्रति सावधानी बरतनी जरूरी है। सुबह और रात में कोहरे के दौरान वाहन चालकों को अधिक सावधानी के साथ यातायात के नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की आवश्यकता है ताकि नागरिक सुरक्षित सफर कर सके और सड़क पर कोई दुर्घटना न हो। नागरिकों को धुंध के मौसम में कम दृश्यता के कारण किसी प्रकार का कोई नुकसान व दुर्घटना ना होने पाए इसके लिए जिला यातायात पुलिस छोटे- बड़े, निजी और कमर्शियल वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाने का काम भी कर रही है।

### मानकों से अधिक आवाज में डीजे बजाने पर की जा रही कार्रवाई

जिला निरीक्षक ने कहा कि जिलेभर में पुलिस द्वारा ऐसे आयोजनों पर निगरानी रखी जा रही है जहां निर्धारित मानकों से अधिक आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। इस दौरान कई स्थानों पर डीजे संचालकों के खिलाफ चालान काटे गए हैं और कुछ मामलों में उपकरण भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सामाजिक कार्यक्रमों में डीजे की आवाज निर्धारित सीमा से अधिक न रखें तथा नियमों का पालन करें, ताकि ध्वनि प्रदूषण से बचाव हो सके।

### नियमों की अवहेलना पर पुलिस ने की कार्रवाई

**हिसार।** पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और शराब सेवन से संबंधित मामलों में सघन जांच कर प्रभावी कार्रवाई की है। जिला निरीक्षक तनेज पाल ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने बीते सप्ताह में बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के 255 चालान किए। इसी तरह सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वाले 47 व्यक्तियों पर व ड्रिंक एंड ड्राइव करते हुए पकड़े गए 24 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने लेन चेंज से संबंधित 135 वाहन चालकों के चालान किए। इसके अलावा पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखा बजाने पर 21 और 5 नाबालिग वाहन चालकों के चालान किए। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखना तथा नागरिकों को सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था प्रदान करना है।

### पुलिस की जनता से अपील

पुलिस का कहना है कि सर्दी के मौसम में घनी धुंध व कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। सभी वाहन चालक सावधानी बरतें व नियमों का पालन करें। इस दौरान फॉग लाइट और लो-बीम का उपयोग करें, स्पीड कम रखें—धीमे और नियंत्रित गति से चलें, वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखें, सड़क के किनारे लगे रिफ्लेक्टर/मार्किंग लाइन का पालन करें, इंडिकेटर और पार्किंग लाइट का सही उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, शीशे और विंडस्क्रीन साफ रखें।



हिसार। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर सूरत का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

## मेयर ने किया इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर सूरत का निरीक्षण

- परियोजना के तकनीकी, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सूरत नगर निगम की योजना इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई ट्रिपल सी) के निर्माण स्थल का हिसार के मेयर प्रवीण पोपली ने औपचारिक निरीक्षण किया। नगर निगम अधिकारियों और परियोजना से जुड़े इंजीनियरों की मौजूदगी में प्रवीण पोपली ने पूरे क्षेत्र का जायज़ा लिया और निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा आने वाले चरणों के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान प्रवीण पोपली ने निगम के अधिकारियों से संवाद करते हुए परियोजना के तकनीकी, आर्थिक और सामाजिक दोनों पहलुओं पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेयर पोपली को बताया कि 'आई ट्रिपल सी' का उद्देश्य शहर में मौजूदा परिसंपत्तियों को जोड़कर बेहतर, सुव्यवस्थित तथा पर्यावरण के अनुकूल बुनियादी ढांचा प्रदान करना है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि समय की मांग और शहर के बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना अत्यंत आवश्यक है।

मेयर पोपली ने कहा कि आज के समय में ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स शहर के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि एक विकसित और प्रगतिशील शहर के लिए आधुनिक सुविधाएं तथा सुचारु व्यवस्था आवश्यक है।

## स्वर्गीय चौधरी मित्र सेन आर्य के जन्म दिन पर होगा हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

वैदिक पथ के पथिक, स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य के जन्मदिवस के पुनीत अवसर पर सोमवार को गांव खांडा खेड़ी स्थित स्मारक में सुबह 10 बजे हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने बताया कि स्वर्गीय चौधरी मित्र सेन आर्य के जन्म दिवस पर 15 दिसंबर को गांव खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के पास बने स्मारक में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु अपने परिवार सहित इसमें शिरकत करेंगे। स्वर्गीय चौधरी मित्र सेन आर्य ने अपना जीवन बड़ी ही सादगी से व्यतीत किया था। उन्होंने शिक्षा की तरफ विशेष ध्यान देते हुए अनेक शिक्षण संस्थाओं और गुरुकुलों की स्थापना की थी। आज उनका परिवार भी उनके पद चिन्हों पर चलकर इस परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

## टाटा 1 एमजी लैब स्वदेशी मेले में कर रही फ्री रक्त जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दिन प्रतिदिन मधुमेह की बिमारी एक विकराल समस्या का रूप लेते जा रहा है और भारत इसकी राजधानी हो गई है क्योंकि विश्व में सर्वाधिक शुगर के मरीज अपने देश में पाये जा रहे हैं। बढ़ते मरीजों को देखते हुए टाटा 1एमजी लैब द्वारा मधुमेह जागरूकता सप्ताह का आयोजन करने जा रहा हैं। पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में टाटा 1एमजी लैब शुगर फास्टिंग, शुगर रैंडम, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड और कैल्सियम की फ्री जांच की। इसके साथ साथ अन्य टेस्टों पर भी 70 प्रतिशत तक की छूट दी गई। संचालक परमवीर न्योलिया ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समय की जरूरत है। हेल्थ चैकअप कैंप में फ्री रक्त जांच का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को उसके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैं। यदि हम सही समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो जाते हैं तो अपने खानपान व दिनचर्या में परिवर्तन लाकर गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। आज स्वस्थ आहार, व्यायाम और जीवनशैली मे सुधार लाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने बताया की फ्री




हेल्थ चैकअप कैंप का फायदा सेक्टर 13 स्थित टाटा 1एमजी लैब से भी उठा सकते हैं।

## मार्केट न्यूज

### हिसार में एलेन्टा मार्ट का भव्य शुभारंभ




**हिसार।** हिसार शहर में एलेन्टा मार्ट का भव्य शुभारंभ जिंदल चौक के समीप, एचडीएफसी बैंक के सामने किया गया। उद्घाटन अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हवन के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। एलेन्टा मार्ट में दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएं एक ही छत के नीचे उचित दामों पर उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। आयोजकों ने बताया कि मार्ट से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उद्घाटन समारोह उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

## 'हमारा प्यार–हिसार' टीम ने जाट कॉलेज की दीवार पर पेंटिंग बनाने का कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर को सुंदर, स्वच्छ और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्यरत सामाजिक संस्था 'हमारा प्यार–हिसार' टीम ने रविवार को सर्द सुबह में जाट कॉलेज की दीवार पर पेंटिंग अभियान शुरू किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की सार्वजनिक दीवारों का सौंदर्यीकरण करना, लोगों में स्वच्छता एवं सुंदर परिवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में रचनात्मकता और सकारात्मक संदेशों का प्रसार करना है। टीम के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है, ताकि शहर की प्रमुख जगहों को आकर्षक बनाकर नागरिकों को स्वच्छता और सार्वजनिक संपत्ति को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया जा सके। पेंटिंग अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. राज वर्मा, राजेंद्र गहलोत, हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, मंजू पूनिया, जितेंद्र बंसल, गगन मेहता, डॉ. विजय कादियान, संजय मारवाड़ी, मनीष गोयल, अनुराधा, विजय गहलोत, अनिल भाटी, ममता भाटी, ओमी बिश्नोई, युद्धवीर पानू, पवन सोनी, रश्मि मेहता, अनिल कुमार, रिमछा, इप्सिता, नवप्रीत, साक्षी, आराध्या एवं भव्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## स्वदेशी मेल में बच्चों व युवाओं ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्वदेशी मेले की प्रासंगिकता देखकर लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है। मेले में तृतीय दिवस विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में पहुंचकर विभिन्न स्वदेशी स्टॉल का अवलोकन किया और जमकर खरीदारी की। पतंजलि योगपीठ ने विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर 108 कुंडीय स्वदेशी महायज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान यज्ञ में आहुति डालकर देश में सुख व समृद्धि की कामना की गई और समरसता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया गया। मेले में आयोजित नींबू दौड़ व फैंसी ड्रेस स्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नींबू दौड़ में जहां प्रतिभागियों का संतुलन देखने को मिला, वहीं फैंसी ड्रेस स्पर्धा में किसी बच्चे ने फौजी तो किसी ने लक्ष्मीबाई बनकर देशभक्ति की अलख जगाई। स्वदेशी मेले के तहत स्वदेशी जागरण मंच द्वारा अग्रसेन भवन में विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में समृद्ध भारत-महान भारत के तहत प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं प्राध्यापक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के विविध आयामों को स्पष्ट करते हुए रोजगारपरक व देश को आगे बढ़ाने वाली शिक्षा पर बल दिया गया।







हिसार। मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी व युवतियां। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा व स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय संगठक कुलदीप पूनिया विशेष रूप से मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद ने लगाया निशुल्क शुगर व एनीमिया जांच शिविर

**उकलाना मंडी।** भारत विकास परिषद शाखा उकलाना की ओर से सेवार्थ पैथोलॉजिकल लैबोरेट्री के सहयोग से निशुल्क शुगर व एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 120 लोगों की मुफ्त जांच की गई तथा उन्हें शुगर व एनीमिया से बचाव, संतुलित आहार और नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। भारत विकास परिषद ने सामाजिक जागरूकता के तहत यह भी घोषणा की कि सोमवार को सुरेवाला चौक पर वाहनों पर रेडियम टेप लगाए जाएंगे।

## 37 वर्ष बाद क्लासमेट से मिलकर भावुक हुए नवोदियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय, पाबड़ा में पूर्व छात्र मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। करीब 37 वर्ष पूर्व साथ पढ़ाई करने वाले नवोदियन जब दोबारा अपने पुराने विद्यालय परिसर में पहुंचे तो भावनाएं स्वतः ही उमड़ पड़ीं।

अपने क्लासमेट्स से मिलकर कई पूर्व छात्र भावुक हो गए और खुशी के आंसू छलक पड़े। इस दौरान उन्होंने आपस में तथा वर्तमान छात्रों के साथ अपने बचपन और संघर्ष के अनुभव साझा किए। इस दौरान वर्षभर किए गए कार्यों की उपलब्धि का कैलेंडर भी जारी किया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि हांसी के एसडीएम राजेश खोथ रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय आज न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में सफलता का सबसे बड़ा प्लेसमेंट और टैलेंट हब बन चुका है। नवोदय विद्यालय ऐसा एकमात्र मंच है जहां जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक विद्यार्थियों को समान अवसर और समान शिक्षा प्रणाली मिलती है। कम संसाधनों में उत्कृष्ट परिणाम देना नवोदय विद्यालयों की सबसे बड़ी पहचान है।




पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि हांसी के एसडीएम राजेश कोथ तथा विभिन्न उच्च पदों पर आसीन पूर्व छात्र। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व छात्र मिलन में प्रेरणादायक आयोजन

मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश कोथ ने विद्यालय के सभागार को लगभग पांच लाख रुपये की लागत से साउंड प्रूफ कराने की घोषणा भी की। विद्यालय के प्राचार्य मनोज भटनागर, उप-प्राचार्य हंसराज तथा वरिष्ठ शिक्षक सुदेश चहल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व छात्रों के अनुभव वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत हैं। पूर्व छात्र मिलन समारोह के अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व छात्रों द्वारा प्रार्थना से की गई।

## 15-20 दिनों में शुरू होगा पार्क का सुधारीकरण

- अनदेखी के चलते ताऊ देवीलाल पार्क की स्थिति हुई बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

सरहेड़ा बनभौरी मार्ग पर स्थित ताऊ देवीलाल पार्क की स्थिति बदहाल बनी हुई है और इस पार्क के सुधारीकरण का कार्य बीच अधर में लटका पड़ा है। इसके चलते इस पार्क में प्रातः काल व सायंकाल भ्रमण करने वाले लोगों में नगर परिषद की कार्य प्रणाली के प्रति काफी रोष पनप रहा है। इस पार्क के आसपास के लोगों ने पार्क की खामियों के चलते पार्क के अंदर रोष प्रदर्शन किया।

रोष प्रदर्शन करने वाले पूर्व इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, लोकेश, कृष्ण सैनी, शक्ति सैनी, रामधन व अमन आदि ने बताया कि इस पार्क में भ्रमण करने वाले व राहगीरों के लिए रखे हुए बेंच टूटे हुए पड़े हैं, पार्क में पशु बांधे जा रहे हैं और गोबर के उपले थापे जा रहे हैं, पार्क में छोटे बच्चों द्वारा क्रिकेट खेली जाती है और युवाओं द्वारा वॉलीबॉल खेली जाती है। अंधेरा होते ही यह पार्क दारू पीने वालों का अड्डा बन जाता है। पार्क में आवारा पशु घूमते रहते हैं और दीवारें टूटी पड़ी है। पार्क के सुधारीकरण के लिए पार्क का गेट व अन्य कार्य करवाए जा रहे थे परंतु अब वे कार्य भी बीच अधर में लटके पड़े हैं।



बरवाला। पार्क में घूमने वाले लोग पार्क की खामियों के चलते रोष प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### क्या करते हैं नगर परिषद के चेयरमैन

जब इस बारे नगर परिषद के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पहले ठेकेदार वाला टेंडर कैंसिल कर दिया गया है और अब नया टेंडर लगा दिया गया है। अगले 15-20 दिनों के अंदर अंदर इस पार्क के सुधारीकरण का कार्य आरंभ करवा दिया जाएगा।



नारनौंद। पंचायत के बाद पत्रकार वार्ता के दौरान अपनी बात रखते एडवोकेट जगत सिंह, उपेंद्र डाटा व मौजीज लोग। फोटो : हरिभूमि

## विधायक पांच लोगों से माफी मांगे तो मामला खत्म : उपेंद्र डाटा

- विश्व जाट महासभा की पंचायत में सतरोल खाप पर छोड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

विश्व जाट महासभा समाज की तरफ से विधायक रामकुमार की प्रतिक्रिया को लेकर रविवार को कस्बे की देवराज धर्मशाला में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की एडवोकेट जगत सिंह ने की। पंचायत में किसान नेता और खाप के लोगों ने शिरकत की। पंचायत में फैसला लिया गया कि सतरोल खाप के प्रधान के चुनाव के बाद इस मामले को लेकर फिर बड़ी पंचायत की जाएगी। अगर विधायक रामकुमार गौतम छत्तीस बिरादरी के समाज में से मौजिज पांच लोगों से सार्वजनिक तरीके से माफी मांगे।

**चुनाव** | शांतिपूर्ण मतदान में 700 से अधिक वोट पड़े, 11 पदाधिकारियों को सौंपे गए निर्वाचन प्रमाण पत्र

# श्रीरामलीला कमेटी कटला चुनाव सम्पन्न, विनोद गुप्ता बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव में विनोद गुप्ता प्रधान व ललित गोयल सचिव निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा अनूप बिंदल निर्विरोध उपप्रधान, राजकुमार सह सचिव, रमेश कुमार लोहिया कोषाध्यक्ष के अलावा विनोद कंसल, राधेश्याम अग्रवाल, राजेश बंसल, दिनेश कुमार जैन, चंद्रभान वर्मा व प्रवीन कुमार सिंगल कार्यकारिणी सदस्य पद के लिये निर्वाचित घोषित किये गये। रामलीला कमेटी का चुनाव रविवार सुबह 9 बजे देवी भवन स्कूल में शुरु हुआ जोकि सायं 4 बजे तक चला। शांति पूर्ण तरीके से हुए चुनाव के बाद सभी 11 पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारियों ने निर्वाचन प्रमाण पत्र दे दिया। चुनाव करवाने के लिये नियुक्त प्रशासक एनके गोयल, निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर यशपाल सिंगला, सह चुनाव अधिकारी बृजभूषण जैन व संजय मित्तल की देखरेख में पांच पीठासीन अधिकारी, 10 चुनाव अधिकारियों व कुछ वालंटियर के सहयोग से मतदान करवाया गया। 848 मतदाताओं में से प्रधान, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व 6 कार्यकारिणी सदस्यों के लिये लगभग 700 वोट डाले गये। मतगणना के तुरंत बाद मतगणना करके परिणाम घोषित कर दिया गया। चुनाव अधिकारियों ने सभी विजेताओं को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंप दिये।



### किसको कितने वोट मिले

निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर यशपाल सिंगला ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में रविवार को मतदान करवाया गया। प्रधान पद के लिये 706 मत डाले गये। इनमें 3 मत रद्द हो गये। दो उम्मीदवारों में से विनोद गुप्ता को 527 मत मिले जबकि अनिल महाजन को 176 मत मिले। विनोद गुप्ता 351 मतों से विजेता घोषित किये गये। उपप्रधान पद के लिये केवल अनूप बिंदल ने ही नामांकन भरा था, इसलिये अनूप बिंदल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। सचिव पद के लिये 705 मत डाले गये। दो मत रद्द कर दिये गये। चुनाव लड़ रहे तीन उम्मीदवारों में से ललित गोयल को 330 मत मिले जबकि सत्यनारायण गोयल को 196 व कृष्ण कुमार को 177 मत मिले। ललित गोयल को 134 मतों से विजेता घोषित कर दिया गया। सहसचिव पद के लिये कुल 698 मत डाले गये। इसमें दो मत रद्द कर दिये गये। आमने -सामने की टक्कर में राजकुमार को 398 मत मिले जबकि प्रवीन बंसल को 298 मत मिले। राजकुमार को 100 मतों से विजेता घोषत किया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिये कुल 700 मत डाले गये। इसमें एक मत रद्द हो गया। इस पद के लिये दो उम्मीदवारों में हुए मुकाबले में रमेश कुमार लोहिया को 376 मत मिले जबकि विनोद बंसल को 323 मत मिले। रमेश कुमार लोहिया 53 मतों से विजेता रहे। इसके अलावा 6 कार्यकारिणी सदस्यों को चुनने के लिये कुल 705 मत डाले गये। सात मत रद्द हो गये। इस पद के लिये सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। इनमें विनोद कंसल को 144 मत, राधेश्याम अग्रवाल को 127, राजेश बंसल को 113, दिनेश कुमार जैन को 109, चंद्रभान वर्मा को 90, प्रवीन कुमार सिंगल को 82 मत व सतीश बंसल को 33 मत मिले। सतीश बंसल को छोडक़र बाकी सभी छह उम्मीदवारों को विजेता घोषित कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर यशपाल सिंगला ने बताया कि सभी विजयी 11 पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दे दिये गये।